हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री


11 सीआरपीएफ जवान की चिता को पत्नी ने दी मुखाग्नि





12 मासूम से दुष्कर्म : आक्रोशित युवा कांग्रेस ने गृहमंत्री स्वास्थ्य मंत्री...




## खबर संक्षेप

### राज्य स्थापना दिवस एवं देवउठनी एकादशी पर स्थानीय अवकाश

**धमतरी।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने पूर्व में दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा हेतु 1 नवम्बर को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए उन्होंने जिले में 12 नवम्बर को देवउठनी एकादशी पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**जीजामगांव।** छग शासकीय निःशक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ, दिव्यांग प्रेरणाजन कल्याण समिति व जन सेवा संस्थान द्वारा 15 अक्टूबर मंगलवार को राज्यस्तरीय विवाह योग्य दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन सामुदायिक भवन बिलाई माता मंदिर के पीछे आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की मुख्य अतिथि श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री होंगी। यह जानकारी मंत्री गाडगे एवं डिकेश्वर साहू ने दी है।

### जनसमस्या निवारण शिविर 16 को सिर्री में

**धमतरी।** आमजनों की शिकायत, समस्या और मांग संबंधी आवेदनों का निराकरण करने के उद्देश से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर 16 अक्टूबर को कुरूद विकासखण्ड के ग्राम सिर्री में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### दावा-आपत्ति 20 तक

**धमतरी।** वर्ष 2024-25 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पाए गए पात्र, अपात्र अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन आईडी अथवा अपना नाम एवं जन्म तिथि अंकित कर पात्र-अपात्र की स्थिति देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि अपात्र से संबंधित अभ्यर्थी दावा-आपत्ति विभागीय वेबसाईट में 20 अक्टूबर तक कर सकते हैं।

### खेल प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 15 तक

**धमतरी।** जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस साल भी महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत दो आयु वर्ग 9 से 18 आयु और 18 से 35 आयु की महिला खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता होगी।

■ विकासखण्ड और जिला स्तर पर होगी महिला खेलकूद प्रतियोगिता

इच्छुक महिलायें 15 अक्टूबर तक संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकती हैं। विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाले खेलों में एथलेटिक्स, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबाल, कुश्ती, बास्केटबाल, फुटबाल, वेटलिफ्टिंग और रस्साकसी को रखा गया है। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 16 अक्टूबर को खेल मैदान कुरूद, 17 को श्रृंगी ऋषि शाउमावि नगरी, 18 अक्टूबर को शाउमावि भोथीडीह मगरलोड और खेल मैदान रूद्री धमतरी में किया जायेगा। 25 अक्टूबर को खेल मैदान रूद्री धमतरी में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता होगी।

---

प्रतिमाओं के कपड़े, श्रृंगार सामग्री, पूजा सामान घाट किनारे डंप

# प्रतिमा विसर्जन के बाद चित्रोत्पला महानदी में फिर फैली गंदगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ पिछले तीन दिन से समाजसेवी संस्था व युवा टीम कर रही सफाई

प्रतिमा विसर्जन के बाद रूद्री स्थित रूद्रेश्वर घाट महानदी में फिर गंदगी फैल हो गई है। पानी पूरी तरह प्रदूषित हो गया है। प्रतिमाओं के कपड़े, श्रृंगार, पूजा सामान, नारियल, पुष्प, प्लास्टिक यत्र -तत्र बिखरे पड़े हुए हैं। ऐसा लग रहा है कि महानदी घाट की सालों से सफाई नहीं हुई है। सैकड़ों प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद महानदी का यह हाल हुआ है। सफाई करने समाजसेवी संस्था व युवा टीम सामने आई है। शासन-प्रशासन की ओर से अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। यह पहला मौका नहीं है कि महानदी प्रदूषित हुई है। प्रतिमा विसर्जन, तीज त्योहार व धार्मिक आयोजन में महानदी में पूजा सामान व अन्य सामग्री विसर्जित करने से महानदी प्रदूषित हो जाती है। साफ-सफाई का जिम्मा पूर्व सैनिक एलके साहू व उनकी टीम ने संभाला है। इसके अलावा आस्था मंच के सदस्यों द्वारा विगत 12 वर्षों से महानदी की सफाई की जा रही है।



पूर्व सैनिक एलके साहू ने बताया कि उनकी संस्था फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग व नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से महानदी की 5 साल से सफाई करते आ रही है। सफाई के लिए वे स्वयं के खर्च से नाव भी बनवाई है जिसके माध्यम से महानदी की मध्य धारा में पहुंचकर सफाई करते हैं। उनकी संस्था महानदी को बचाने लगातार प्रयास कर रही है। साल भर सफाई में जुटे रहने के कारण महानदी वर्तमान में स्वच्छ है। प्रतिमा विसर्जन व धार्मिक आयोजन के बाद उनके सदस्य सफाई में जुट जाते हैं और सैकड़ों टन कचरा महानदी से बाहर निकालते हैं। टीम में शामिल शेषनारायण गजेन्द्र, भूपेन्द्र दास मानिकपुरी ने बताया कि उनके सभी सदस्य सुबह 5 बजे से 8 बजे तक 3 घंटे रोज सफाई करते हैं।

आस्था मंच के हेमराज सोनी, संदीप अग्रवाल, उमेश बशिष्ट, दिनेश पटवा, संतु वर्मा, देवेन्द्र थवाइत, अभिषेक शर्मा, विजय पांडेय, प्रवीण सहारे, नरेश साहू, विक्रांत शर्मा, नरेन्द्र जायसवाल, राजेश साहू, श्यामा देवी साहू, सरिता दोशी, नम्रता सहित 50 सदस्य ऐसे हैं जो विगत 12 वर्षों से महानदी के सफाई कार्य में जुटे हैं। इस कार्य में शहर और गांव के गणमान्य नागरिक भी सहयोग करते हैं।

---

# मासूम बच्ची को न्याय दिलाने यादव समाज ने कसी कमर

**कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कुरूद क्षेत्र के एक गांव में 4 साल की मासूम बच्ची से अनाचार की घटना को लेकर यादव समाज में आक्रोश है। समाजजनों ने सोमवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करते हुए मासूम बच्ची के लिए न्याय की मांग की है। साथ ही किसी भी संगठन और समाज द्वारा बच्ची के लिए संवेदना व्यक्त नहीं करने पर निराशा भी व्यक्त की है।

घटना 18 सितंबर की है। कुरूद तहसील के एक गांव में नाबालिग युवक ने 4 साल की मासूम से दुष्कृत्य किया। इस घटना की जानकारी मासूम के परिजनों ने थाना कुरूद में दी। जानकारी देने के 24 घंटे बाद एफआईआर दर्ज की गई एवं घटना के संबंध में किसी को जानकारी नहीं देने की सलाह दी गई। घटना से आहत मासूम को कुरूद अस्पताल ले जाया गया, जहां पर घोर लापरवाही बरती गई। इससे मासूम की हालत और खराब हो गई। उसकी स्थिति को देखते हुए परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां भी डॉक्टरों ने इलाज के लिए भर्ती करने से मना कर दिया। बात जब मीडिया के पास पहुंची, इस मुद्दे को उन्होंने जोर-शोर से उठाया। मामला तूल पकड़ता देख जिला अस्पताल में मासूम को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। भाजपा के महामंत्री रामू रोहरा ने डॉक्टरों से चर्चा की और उसे रायपुर के बालाजी अस्पताल में इलाज के लिए रवाना किया। सोमवार को इसी मुद्दे को लेकर यादव समाज के लोग कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि 4 साल की मासूम बच्ची के साथ हुई यह घटना पूरी मानव जाति को शर्मसार कर देने वाली है। रायपुर में मुख्यमंत्री ने बच्ची के परिजनों से बात की और उन्हें न्याय, बच्चे के स्वास्थ्य, शिक्षा को लेकर भरोसा दिलाया।

कलेक्टोरेट पहुंचने वालों में यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित जिला धमतरी के संरक्षक भगत यादव, अध्यक्ष घनश्याम यादव, सचिव मदन यदु, कोषाध्यक्ष बाबूलाल यदु, विजय यादव, नंदकिशोर यादव, मोहन कुमार यादव समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### उच्चस्तरीय इलाज मुफ्त शिक्षा की मांग

समाजजनों ने इस मामले में मासूम का उच्चस्तरीय इलाज, निःशुल्क और बेहतर शिक्षा, परिवार के सदस्य को शासकीय नौकरी, 1 करोड़ रूपए की सहायता की मांग की है। इसके अतिरिक्त घटना की उच्चस्तरीय जांच की भी मांग की है। आरोपी को फांसी की सजा देने और इस प्रकारण में लापरवाही बरतने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### संवेदना करें व्यक्त

यादव समाज के जिलाध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा कि दिल्ली मुंबई में इस प्रकार की घटना होती है तो इसका असर जिले में देखने को मिलता है। विभिन्न समाज व संगठनों द्वारा कैंडल मार्च, मशाल रैली सहित विरोध प्रदर्शन कर संवेदन व्यक्त की जाती है। 4 साल की जिले की बेटी के साथ हुई इस हृदय विदारक घटना के बाद भी किसी समाज व संगठन द्वारा एक संवेदन व्यक्त नहीं करना काफी निराशाजनक है।

### नशाखोरी पर लगाम जरूरी

यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि चाकूबाजी, दुष्कर्म जैसे मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसके पीछे नशाखोरी बड़ा कारण है। छोटे-छोटे बच्चे और युवा भी नशे की झोंक में बड़ी घटनाओं को अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं। मासूम बच्ची को 22 दिन तक ढंग से इलाज नहीं मिलना काफी कष्टदायक है। आज मानव समाज से सामाजिक समरसता विलुप्त होती जा रही है।

---

# सड़क दुर्घटना में घायल दूसरे युवक की भी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

देमार पेट्रोल पंप के पास हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक ने भी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है।

■ देमार पेट्रोल पंप के पास हुआ था हादसा

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम देमार निवासी कृष्णा यादव व देवा सोरी शनिवार की रात्रि बाइक में पेट्रोल डलवाने देमार पेट्रोल पंप गए थे। पेट्रोल डलवाकर दोनों युवक बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान भखारा मार्ग से गुजर रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। वाहन की ठोकर से कृष्णा यादव सिर के बल सड़क पर गिर गया। सिर फट जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं देवा सोरी पिता शिशुपाल उम्र 19 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद रेफर होने पर घायल को मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार की शाम घायल की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौंप दिया है। उल्लेखनीय है कि घटना को देख वहां से गुजर रहे ग्राम देमार निवासी कमलेश ध्रुव की भी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई थी जिससे वह घायल हो गया है।



# चाबी से फॉरेस्टकर्मी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

गाली-गलौज करने से मना करने पर मोहल्ले के युवक ने स्कूटी की नुकीली चाबी से फॉरेस्टकर्मी की हत्या कर दी। कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार स्थानीय बठेनापारा निवासी चेतन यादव रविवार की शाम मोहल्ले में स्थित सिन्हा किराना दुकान के पास गाली-गलौज कर रहा था। इसी दौरान जेल रोड बठेनापारा निवासी भरत सिन्हा पिता हरिराम उम्र 46 वर्ष ने घर से बाहर निकल चेतन को गाली-गलौज करने से मना किया। इतने में चेतन तैश में आकर अपनी मुट्ठी में स्कूटी की नुकीली चाबी को फंसाकर भरत के सीने में घोंप दिया। इस हमले में भरत मौके पर ही गिर गया। उसे उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद भरत को मृत घोषित कर दिया।





सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल घटना स्थली पहुंची और आरोपी चेतन यादव पिता रहिपाल उम्र 19 वर्ष बठेनापारा निवासी को हिरासत में ले लिया। वहीं रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान व अभिषेक सोनकर ने शव को मसीही अस्तपाल से जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी में शिफ्ट किया। पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाली में धारा 103/1 हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी चेतन यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था।

# गंगरेल में मिले अज्ञात शव की हुई पहचान, पहुंचे परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गंगरेल के बाजार चौक के पास मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान हो गई। परिजनों की शिनाख्ति पश्चात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम गंगरेल के बाजार चौक के पास झाड़ियों में रविवार की शाम एक व्यक्ति मृत पाया गया था। सूचना पर रूद्री पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव की शिनाख्ति के लिए प्रयास किया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज मर्रच्यूरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस शव की शिनाख्ति के लिए प्रयास कर रही थी। इसी दौरान कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम भुसरेंगा निवासी संतोष ध्रुव व नरेंद्र ध्रुव सहित अन्य लोग जिला अस्पताल पहुंचे। रूद्री पुलिस ने लोगों को मर्रच्यूरी ले जाकर शव का दिखाया। नरेंद्र, संतोष के साथ आए अन्य लोगों ने मृतक की शिनाख्ति गिरीश दीवान पिता मुकुंद उम्र 48 वर्ष ग्राम भुसरेंगा थाना कुरूद निवासी के रूप में की। मृतक के परिजनों ने भी शव को गिरीश के रूप में पहचान किया। शिनाख्ति पश्चात पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया।



### नहावन कार्यक्रम में गंगरेल आया था

मर्रच्यूरी पहुंचे भुसरेंगा के नरेंद्र ध्रुव व संतोष ध्रुव ने बताया कि गंगरेल निवासी उसके भतीजे का निधन हो गया। नहावन कार्यक्रम में शामिल होने दोस्त गिरीश देवांगन के साथ उसी की मोटरसाइकिल में वे तीनों गंगरेल पहुंचे थे। रविवार की दोपहर गिरीश ने वापस गांव जाने के लिए संतोष से बस के लिए पैसा मांगा। गिरीश को बस के लिए पैसा देकर उसे दोनों भाई छोड़ने के लिए चौक तक आए थे। सोमवार की सुबह गांव पहुंचने पर सोशल मीडिया में फोटो देखकर घटना की जानकारी हुई।

# सालों किए काम, हाथ में आया शून्य

■ शिक्षाकर्मी से शिक्षक बने शिक्षक संवर्ग ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनरतले शिक्षक संवर्ग ने प्रदर्शन करते हुए नियुक्ति की गणना में संशोधन की मांग की है। इसके अतिरिक्त मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के सभी कर्मचारियों को केंद्र के कर्मचारियों के बराबर डीए देने की मांग की है।

शिक्षाकर्मी से शिक्षक बने शिक्षकों ने सोमवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने बताया कि शिक्षाकर्मी से शिक्षक बने शिक्षक संवर्ग की नियुक्ति की गणना 2018 से की जा रही है, जब उन्हें शिक्षक का दर्जा दिया गया। इससे पहले शिक्षाकर्मी के रूप में जितने साल काम किया था, उस अवधि को शून्य कर दिया गया है। इससे कई शिक्षक क्रमोन्नत वेतनमान से वंचित हो गए हैं, कई शिक्षकों ने 20 से 25 साल शिक्षाकर्मी के तौर काम किया है। अब वे अपने अधिकार से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो प्रदेश भर के शिक्षक संवर्ग 24 अक्टूबर को रैली निकालकर प्रदर्शन करेंगे। शिक्षक संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष दौलत ध्रुव ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के सभी कर्मचारियों को केंद्र के समान डीए देने की घोषणा की गई थी। मोदी की अन्य गारंटी की तरह प्रदेश सरकार को यह गारंटी भी पूरी करनी चाहिए।



पिछड़ा वर्ग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष से हरिभूमि की खास चर्चा

# पिछड़ी जातियों के आर्थिक उत्थान के लिए काम करेंगे : नेहरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पिछड़ा वर्ग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष नेहरू राम निषाद ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि शासन के सहयोग से पिछड़ी जाति के लोगों का सर्वांगीण विकास करेंगे। आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवारों का जीवन स्तर उठाएंगे। रोजगार के नए-नए अवसर पैदा करेंगे। शासन की विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक ले जाने का प्रयास करेंगे ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकें। पिछड़ी जाति में बहुत सी जातियां आती हैं जिनमें कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए प्रयास तेज होंगे।



### खरा उतरने का प्रयास करेंगे

विदित हो कि श्री निषाद जिले के ग्राम बारना के निवासी हैं। वे भाजपा कार्यकर्ता के साथ भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भी हैं। उनकी इस नियुक्ति से जिलेवासियों में हर्ष है। श्री निषाद ने कहा कि सरकार ने मुझ जैसे कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### पढ़ाई के बाद से सक्रिय राजनीति में आए

श्री निषाद जियोग्राफी विषय में एमए, एमफिल हैं। पढ़ाई के बाद से राजनीति में आए। भाजपा और आरएसएस से जुड़े हुए हैं। वे धमतरी जनपद के पूर्व सदस्य, भोथली मंडल के अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्ष 2017-2019 में निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। वर्तमान में वे भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक हैं। उनका कहना है कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो छोटे कार्यकर्ता को भी आगे बढ़ाती है।

श्री निषाद ने कहा कि मछली पालन व्यवसाय से जुड़ी पिछड़ी जातियों के विकास के लिए नई मछली नीति बनाई जाएगी ताकि मछुआरा समूहों को तालाब, जलाशय बांध आदि क्षेत्र में मछली पालन के लिए टेंडर मिल सके। योजनाबद्ध तरीके से सहकारी समिति का गठन होगा। श्री निषाद ने कहा कि परंपरागत व्यवसाय से जुड़े कुंभकार परिवारों के लिए शहर में अलग से बाजार की व्यवस्था करेंगे ताकि वे अपने उत्पाद आसानी से क्रय कर सकें। उनके उत्थान के प्रयास तेज होंगे।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969





गृहग्राम जवरगांव में राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

# सीआरपीएफ जवान की चिता को पत्नी ने दी मुखाग्नि







हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गृहग्राम जवरगांव पहुंचने पर श्मशान घाट में शहीद जवान की चिता को उसकी पत्नी ने मुखाग्नि दी। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

सीआरपीएफ की 7वीं बटालियन में आरक्षक के पद पर पदस्थ जवान टकेश्वर निषाद की पोस्टिंग मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में थी। जवान टकेश्वर अपनी बटालियन के साथ बालाघाट जिले के मछुर्दा में सर्चिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान वे सड़क हादसे का शिकार हो गए। इस घटना में जवान टकेश्वर की मौत हो गई। रविवार की रात्रि को सीआरपीएफ के ट्रक में बटालियन के अधिकारी व अन्य जवानों ने पार्थिव शरीर को धमतरी लाया। शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी में सुरक्षित रखा गया। सोमवार की सुबह सीआरपीएफ के जवानों व ग्रामीणों ने उनके शव को गृहग्राम जवरगांव लाया। पार्थिव शरीर के पहुंचने पर पूरे गांव में मातम छा गया। जवान के अंतिम दर्शन के लिए गांव सहित आसपास के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गई। गांव पहुंचने पर कुछ देर शव को घर में रखा गया। उसके बाद अंतिम यात्रा निकाली गई। पूरे गांव का भ्रमण करने के बाद शव को गांव के श्मशान घाट लाया गया जहां उसकी पत्नी ने चिता को मुखाग्नि दी। वहीं सीआरपीएफ के अधिकारी व जवानों की मौजूदगी में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सीआरपीएफ व पुलिस जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गांव के लाडले सपूत की अंतिम विदाई में ग्रामीणों का सैलाब उमड़ पड़ा। सभी ने नम आंखों से जवान को अंतिम विदाई दी।

### कबड्डी का खिलाड़ी था जवान

परिजनों ने बताया कि टकेश्वर की 2020 में झारखंड में पोस्टिंग हुई थी। वे लगभग डेढ़ साल में मप्र के बालाघाट में पदस्थ थे। दो साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। उनकी 6 माह की एक बेटी है। टकेश्वर शुरू से ही खेलों के प्रति समर्पित रहा है। वह कबड्डी का शौकीन था, जिसके कारण वह गांव का मेन प्लेयर हुआ करता था। सीआरपीएफ में जाने के बाद जहां-जहां पदस्थ रहे, वे खेलकूद में भाग लेते थे।

# मुख्यमंत्री से सिंधी समाज एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ के प्रतिनिधि मण्डल ने की भेंट

- मुख्यमंत्री ने धमतरी के विकास के लिए समाजजनों को आश्वस्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है : रंजना साहू

बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से धमतरी के सिंधी समाज एवं प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय के डेलीगेशन ने पूर्व विधायक रंजना साहू के नेतृत्व में मुलाक़ात की। प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज़ द्वारा फ़रवरी माह में होने वाले भव्य किसान सम्मान सम्मेलन में आमंत्रित किया गया। साथ ही सिंधी समाज के डेलीगेशन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से नगर विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा की और धमतरी को विकास के पथ से जोड़ने का आग्रह किया। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा धमतरी के विकास पर सकारात्मक प्रयास करने समाजजनों को आश्वस्त किया। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति के आकांक्षाओं के अनुरूप काम कर रही है,सर्व वर्ग हिताय सर्व वर्ग सुखाय के ध्येय के साथ हमारी सरकार विकास को गति दे रही है और विष्णु देव साय की सरकार में धमतरी विकास से अछूता नहीं रहेगा।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय धमतरी की प्राजक्ता बहन, बी के भारती, कामिनी कौशिक, महेश साहू, ईश्वर साहू ने कहा किसानों के हित में यह सरकार जो कार्य कर रही है वह अत्यंत सराहनीय है,उसी के तहत जैविक खेती करने वाले दस हज़ार से अधिक किसानों का सम्मान सम्मेलन फ़रवरी माह में किया जाना है जिसमें मुख्यमंत्री जी को आमंत्रित किया गया है। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रलाल जैसवानी, महेश रामरख्यानी, अशोक डुंबानी, अमर पंजवानी भाजपा ज़िला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदुजा ने कहा धमतरी की जनता को प्रदेश के मुख्यमंत्री से बहुत सी अपेक्षायें हैं,और हमें विश्वास है कि प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार पिछले कई वर्षों से धमतरी के रुके हुए विकास कार्यों को अब विकास की मुख्य धारा से जोड़ेगी, छाया विधायक रंजना साहू धमतरी विकास के लिए लगातार सक्रिय हैं, उनकी सक्रियता के सार्थक परिणाम धमतरी की जनता को मिलेगा।

# सिर्री में धूमधाम से मना विजयादशमी का पर्व

- रामलीला की प्रस्तुति के बाद हुई आकर्षक आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री





ग्राम सिर्री में विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष भी गांव की बजरंग मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रामलीला के मनोरम दृश्य का मंचन किया गया। रात 8 बजे वाद्य यंत्रों के साथ मंडली द्वारा दोहा, चौपाई गायन की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस बार भी अक्षय कुमार अंगद संवाद, रावण-अंगद संवाद का मंचन हुआ।

इस वर्ष भी श्रीराम के किरदार में रोशन विश्वकर्मा, चंद्रकांत देवांगन लक्ष्मण, भूपेंद्र साहू रावण, कमलेश टंडन अक्षय कुमार, बलराम ध्रुवंशी हनुमान, मेघराज जामवंत, पोखराज़ यादव सुग्रीव, धवल साहू विभीषण, पुरुषोत्तम निर्मलकर ने अंगद के किरदार को बखूबी निभाया।


मंच में दर्शकों को हंसाने के लिए जोकड़ के रूप में संतोष साहू और तोषल साहू ने गजब की प्रस्तुति दी। रावण के किरदार को निभाने वाले भूपेंद्र साहू की प्रस्तुति को लोगों ने खूब सराहा और पुरस्कृत भी किया।

अंत में श्रीराम-रावण के युद्ध की लीला दिखाई गई। रावण की नाभि पर प्रहार कर उसकी जीवन लीला समाप्त की। 12 फीट के रावण का दहन किया गया। पश्चात आतिशबाजी की गई। लोगों ने श्रीराम दरबार की पूजा कर एक दूसरे को विजयादशमी पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में बजरंग मानस मंडली के पदाधिकारी समेत ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# मंचन से पहले राम-रावण दल ने किया गांव का भ्रमण







**अंवरी।** ग्राम अंवरी में इस वर्ष भी 20 फीट रावण के पुतले का दहन किया गया। रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। मंचन करने से पहले राम दल एवं रावण दल द्वारा जयकारों के साथ गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। अखाड़ा दल ने बाजार चौक में अपने करतब का प्रदर्शन किया। इसके बाद राम एवं रावण दल की मिनी माता चौक में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए आये हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात रामलीला प्रारम्भ हुई। अंत में श्रीराम द्वारा रावण का पुतला दहन किया गया। गांव की रामलीला एवं दशहरा का ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया। मौके पर छत्तीसगढ़ी नाचा का भी आयोजन किया गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाल वैज्ञानिक सम्मेलन में नम्रता का चयन



**धमतरी।** प्रदूषण नियंत्रण एवं अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर जोन स्तरीय कार्यक्रम कांकेर में हुआ। शाउमावि सलोनी की कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय की छात्रा नम्रता साहू का चयन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक सम्मेलन अंबिकापुर के लिए हुआ है। इनके चयन पर प्राचार्य आरके गुप्ता, जीएस साहू, श्री श्रीवास, एनआर साहू, श्री निम्बालकर, हरीश साहू, त्रिलोक साहू, श्री यादव सर, श्री सर, एस साहू, श्री जगनायक, श्री चंद्राकर, हेमंत साहू, एचएल सिन्हा, ओपी साहू तथा रैनो ने खुशी जाहिर की है।

ठेन्ही में जल जीवन मिशन के तहत हो रहा था पानी टंकी का निर्माण

# टंकी से गिरकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम पंचायत ठेन्ही में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण का काम चल रहा था। सोमवार की दोपहर 8 से 9 मजदूर निर्माण कार्य में जुटे थे। काम के दौरान टंकी पर चढ़े मजदूर विकास प्रसाद मंडल पिता भुनेश्वर मंडल ग्राम कमरडीडी जिला गताबिहार का पैर फिसल गया। जमीन पर गिरने से उसके मुंह, कान, सिर पर गंभीर चोट आई। अन्य मजदूरों व ग्रामीणों के सहयोग से उसे तत्काल उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र नगरी लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में सरपंच श्रीधन सोम का कहना है कि इसमें ठेकेदार की लापरवाही दिखाई दे रही है। बिना सुरक्षा कवच के मजदूरों से काम लिया जा रहा है। कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।












विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### हाई-हायर सेकंडरी स्कूलों में परीक्षा 11 नवंबर से

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन परीक्षा हायर सेकण्डरी एवं हाईस्कूल मुख्य एवं अवसर परीक्षा नवम्बर 2024 की परीक्षा 11 नवंबर से प्रारंभ होकर 27 नवंबर तक आयोजित होगी। शासकीय उमावि के एसडी दास ने बताया कि हायर सेकण्डरी की परीक्षा11 नवंबर से 27 नवंबर तक और हाईस्कूल की परीक्षा 13 नवंबर से 26 नवंबर तक आयोजित होगी। नवंबर में आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल होने वाले समस्त परीक्षार्थी समय सारिणी का शासकीय उमावि दुर्गुकोंदल के अध्ययन केन्द्र से जानकारी प्राप्त कर सकते है एवं छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर कार्यालय की वेबसाइट में भी उपलब्ध है।

### विकासात्मक सेक्टर में ऋण वितरण को दें बढ़ावा

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. ने कहा कि जिले में बैंकों द्वारा अपने जमा-ऋण अनुपात के आधार पर प्राथमिकता क्षेत्र कृषि एवं कृषि के आनुषांगिक गतिविधियों सहित अन्य विकासात्मक सेक्टर में ऋण वितरण को बढ़ावा दी जाए। इस दिशा में बैंकर्स और विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर आम जनता को लाभान्वित किए जाने के लिए सकारात्मक पहल करें। खेती-किसानी हेतु अधिकाधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया जाए। वहीं ग्रामीणों को साग-सब्जी उत्पादन एवं उद्यानिकी फसल लेने सहित कुक्कुटपालन, बकरीपालन, पशुपालन, सूकरपालन, मछलीपालन जैसी आय मूलक गतिविधियों के लिए सहायता दी जाए। साथ ही स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज कर विभिन्न उत्पादक एवं आर्थिक गतिविधियों के लिए सहायता उपलब्ध कराया जाए।

### दीपक लोक सेवा केन्द्र शुरू कर बना आत्मनिर्भर

**जगदलपुर।** जिले के बकावंड ब्लॉक अंतर्गत बड़े जिराखाल निवासी दीपक पाण्डेय मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनांतर्गत लाभान्वित होकर क्षेत्र के ग्रामीणों को लोक सेवा केन्द्र एवं मोबाइल दुकान के जरिए विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। अपनी लोक सेवा केंद्र के माध्यम से दीपक गत तीन वर्ष में अच्छी आमदनी अर्जित करने सहित अपनी बैंक ऋण राशि भी लगभग अदा कर चुके हैं। दीपक का गांव जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर और तहसील से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दीपक बताते हैं कि परिवार में माता-पिता एवं भैया-भाभी और उनकी पत्नी सहित कुल 10 सदस्य हैं। परिवार के सभी सदस्यों के लिए 9 एकड़ की कृषि भूमि पर्याप्त थी, किन्तु बहुत बड़ा परिवार होने की स्थिति में अपना जीवन-निर्वाह करने के लिए अतिरिक्त आय की जरूरत हो रही थी। दीपक ने बताया कि 10वीं तक पढ़ाई करने के बाद पढ़ने की रूचि थी, किन्तु बढ़ती उम्र और पारिवारिक आर्थिक स्थिति के चलते मेरे पढ़ने की रूचि धीरे-धीरे खत्म होते देर नहीं लगी।

### स्कूलों का औचक निरीक्षण कर बीईओ ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के दिए निर्देश



**भानुप्रतापपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे ने दशहरा अवकाश के बाद सोमवार को दूरस्थ वनांचल क्षेत्र हाटकर्रा के स्कूलों में पठन-पाठन की स्थिति एवं अन्य गतिविधियों को जांचने औचक निरीक्षण किया। माध्यमिक शाला बांसकुंड में स्कूल मरम्मत कार्य का जायजा लिया एवं ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।शिक्षकों को कक्षा कक्ष व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया,एनएमएमएससी परीक्षा की तैयारी संबंधी आवश्यक गतिविधियों पर चर्चा की गई। अति दुर्गम क्षेत्र तोनका में नदी पर बांस से बने पुल को बाइक से पार कर पहुँचे और प्राथमिक शाला ऊपरतोनका, नीचेतोनका, बांसकुंड में कक्षाओं का निरीक्षण कर, बच्चों से बात कर बच्चों के शैक्षिक स्तर का अवलोकन किया। शैक्षिक स्तर में सुधार हेतु सतत गृह कार्य, अभ्यास कार्य, पालक संपर्क, हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया।

---


मासूम से दुष्कर्म : घटना के 22 दिन बाद सियासत गरमाई, प्रदेश सरकार पर लग रहे निष्क्रियता के आरोप

# युकां ने एचएम, स्वास्थ्यमंत्री व सीएम की निकाली प्रतीकात्मक शवयात्रा

रिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद विधानसभा क्षेत्र में एक 4 वर्षीय मासूम के साथ 18 सितंबर को हुई दुष्कर्म की घटना के 25 दिन बाद सियासत गरमा रही है। घटना से आक्रोशित युवा कांग्रेस कुरुद ने अध्यक्ष देवव्रत साहू के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से गृहमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाल प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कारगिल चौक में पुतला दहन किया।

युवा कांग्रेस ने ब्लॉक में चार साल की मासूम बच्ची के साथ घटित अमानवीय घटना व पूरे प्रदेश में बढ़ते आपराधिक घटनाओं के विरोध में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पर निष्क्रिय होने का आरोप लगा एवं पीड़ित मासूम बच्ची के लिए न्याय की मांग की।



युकां विस अध्यक्ष देवव्रत साहू ,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर और ब्लॉक युकां अध्यक्ष डुमेश साहू ने राज्य सरकार पर जमकर आरोप लगाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने शासन- प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर घटना की निष्पक्ष जांच एवं आरोपी को फांसी की सजा देने व लापरवाह चिकित्सा विभाग एवं पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एक मांग पत्र नायब तहसीलदार कुरुद को राज्यपाल के नाम सौंपा गया।

इस अवसर पर नरेंद्र सोनवानी जिला युकां अध्यक्ष, शारदा लोकनाथ साहू अध्यक्ष जनपद , जिला पंचायत सभापति तारिणी चंद्राकर, तपन चन्द्राकर, कांग्रेसी नेतागण रामेश्वर साहू, प्रमोद साहू , उत्तम साहू, रोशन जांगड़े, गीताराम सिन्हा, कमलनारायण साहू, कुलेश्वर देवांगन पुखराज साहू, इंद्रजीत सिंह दिग्वा, वातांजलि गोस्वामी, तुकेश साहू, यक्ष साहू, तोरण साहू, रविन्द्र साहू, श्री चन्द्राकर, पुष्पराज, योगेश साहू, विवेक साहू, लेखराम यादव, योगेश निर्मलकर, जितेंद्र साहू, योगीराज चन्द्राकर, संतोष प्रजापति, संतोष साहू, अर्जुन ध्रुव, गजेंद्र साहू, रुद्रनाथ साहू, उमाशंकर साहू, राजू, अर्जुन, योगेंद्र साहू, उपस्थित थे।

**युकां ने रखी ये मांगें**

पूरे मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच (एसआईटी गठित कर) हो और दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। नन्हीं जान को तत्काल 50 लाख की सहायता राशि मुहैया कराई जाए। बच्ची के आगे की सम्पूर्ण शिक्षा पूर्णतः मुफ्त की जाए। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ तत्काल न्यायिक जांच और दंडात्मक कार्रवाई हो। मानवता को झकझोरने वाली इस दर्दनाक घटना में अपराधी के साथ बालिग के तहत कार्रवाई हो और फांसी की सजा दी जाए। कानून व्यवस्था की बदहाली पर छग के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री तत्काल अपना इस्तीफा दें।

**क्या है पूरा मामला**

गौरतलब है कि कुरुद क्षेत्र की 4 साल की बच्ची से 18 सितंबर को गांव के ही नाबालिग ने घुमाने ले जाने के बहाने दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी शाम 5 बजे परिवार के लोगों को हुई। रात भर बच्ची दर्द से तड़पती रही। 19 सितंबर को सुबह परिजन बच्ची को लेकर सिविल अस्पताल कुरुद पहुंचे। इसी दिन एफआईआर दर्ज हुई। परिजन के मुताबिक बच्ची को 4 टांके लगे हैं। कुरूद अस्पताल से 3 दिन बाद छुट्टी दे दी गई। कुछ दिन बाद फिर दर्द बढ़ने पर इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल ले गए तो वहां डॉक्टर ने इलाज करने से मना कर दिया। 8 दिन बाद फिर परिजन बच्ची को सिविल अस्पताल कुरुद ले गए। जहां 9 दिन तक बच्ची भर्ती रही। दर्द कम नहीं होने पर सोनोग्राफी कराने कहा गया। 8 अक्टूबर को मां और परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। यहां सोनोग्राफी कराने की बात कही गई तब डॉक्टरों ने थाने से किसी पुलिस को लाने कहा। बच्ची को लेकर उनके परिजन दो जगह प्राईवेट सोनोग्राफी सेंटर गए वहां भी सोनोग्राफी करने से मना कर दिया गया। डीएसपी से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। जब पीड़ित परिवार अपनी व्यथा सुनाई तब डीएसपी ने उन्हें इलाज कराने का भरोसा दिया। फिर 9 अक्टूबर को जिला अस्पताल में बच्ची को भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर एक इंजेक्शन और दवाई देकर चले गए। इस डिप्रेशन में मां भी बेहोश हो गई। जब बात मीडिया तक पहुंची तक प्रशासन हरकत में आया और तभी से प्रदेश में घटना को लेकर सियासत शुरू हुई है। फिलहाल बच्ची का इलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में जारी है।

---

## जिले में 30 तक जारी कौशल पखवाड़े में दिया जा रहे हैं विभिन्न प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कांकेर

राज्य में संचालित केन्द्र तथा राज्य शासन की कौशल विकास योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम एवं नियद नेल्लानार योजना के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में कौशल प्रशिक्षण के लिए निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगति लाने तथा ग्रामीण स्तर के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदाय करने के उद्देश्य से जिले में 14 से 30 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण के लिए युवाओं का काउंसिलिंग कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने तथा सक्षम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न सेक्टर्स के रोजगारोन्मुखी लघु अवधि के पाठ्यक्रमों में उन्हें शत-प्रतिशत नियोजित करने एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इच्छुक शिक्षित बेरोजगार युवा इस काउंसलिंग शिविर में शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। जिले में आयोजित होने वाले काउंसिलिंग कैम्प एवं पंजीयन शिविर आज 14 अक्टूबर को विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत कन्हारपुरी व जनपद पंचायत कांकेर में आयोजित किया गया। विकासखण्ड नरहरपुर के जनपद पंचायत नरहरपुर एवं ग्राम पंचायत सरोना में 15 अक्टूबर को तथा 16 अक्टूबर को विकासखण्ड चारामा के जनपद पंचायत चारामा और ग्राम पंचायत जेपरा में कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 17 अक्टूबर को विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत कोरर व जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में, 18 अक्टूबर को ग्राम पंचायत केंवटी और में जनपद पंचायत भवन दुर्गूकोंदल में, 21 अक्टूबर को ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्से और ग्राम पंचायत कोण्डे में, 22 अक्टूबर को जनपद पंचायत अंतागढ़ और ग्राम पंचायत ताड़ोकी, 23 अक्टूबर को ग्राम पंचायत आमाबेड़ा और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा तथा 24 अक्टूबर को जनपद पंचायत भवन पखांजूर व ग्राम पंचायत बांदे में काउंसलिंग कैम्प व पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

---

## पर्यावरण संरक्षण समिति ने 80 प्लस बुजुर्गों का किया सम्मान

- नवदुर्गा एवं विजयदशमी महोत्सव समिति सेमरा के रंगमंच में किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





नवदुर्गा एवं विजयदशमी महोत्सव समिति सेमरा के रंगमंच में पर्यावरण संरक्षण समिति सेमरा द्वारा ग्राम सेमरा के 80 वर्ष के बुजुर्गों का सम्मान शाल एवं श्रीफल भेंटकर किया।

नथलू राम साहू, सोहद्री बाई साहू, गजाधर साहू, भगवानी साहू, मनसुखराम देवांगन, कचरी बाई देवांगन, मेहत्तर सोनवानी, शोभाराम ध्रुव, फूल सिंह ध्रुव, बिंदा बाई सेन, बिदाराम साहू, प्रेम बाई साहू, सरजू राम साहू, प्रेमबती साहू, हीरालाल साहू, भागीराम साहू, चंद्रभान देवांगन, भूरी बाई देवांगन, बहुरा बाई यादव, ननकी बाई साहू का सम्मान पर्यावरण संरक्षण समिति सेमरा अध्यक्ष अर्जुन सिंह देवांगन, उपाध्यक्ष केएल कौशिक, उपाध्यक्ष धर्मराज देवांगन, सचिव नूतन डोटे, कोषाध्यक्ष विजय देवांगन, संरक्षक श्रवण कुमार ध्रुव सरपंच, संचालक सुरेश कुमार देवांगन, विनय कुमार देवांगन पूर्व जनपद सदस्य, कुशल राम साहू पूर्व उपसरपंच, दुब्बन राम यादव, गणेश्वर देवांगन, नरेश देवांगन, लेखराम देवांगन, भावेश मरकाम, कृष्ण कुमार साहू, मनीष कुमार देवांगन ने किया। इसी तरह समिति द्वारा आयोजित डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खरखाभर्री गट्टासिल्ली को मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक ने 15001 रुपये प्रदान कर सम्मानित किया।

## नारी सशक्तिकरण से ही सशक्त समाज का निर्माण : फूलबासन



**धमतरी।** नारी सशक्तिकरण एवं उत्थान हेतु समर्पित समाजसेविका पद्मश्री फूलबासन यादव का ग्राम धौराभाठा में सरपंच श्रीमती किरण मुरली सिन्हा ने शाल, श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री फूलबासन ने कहा कि नारी सशक्तिकरण से ही सशक्त समाज का निर्माण हो सकता है। नारी को अपने घर, परिवार, शिक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए। शासन-प्रशासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर सशक्त बनते हुए दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में लिमतरा सरपंच फगेश्वरी साहू, धौराभाठा उपसरंपच रामनाथ ध्रुव, पंच भूपाल साहू, शैलेन्द्र साहू, देवकुमार, नंदा, सीमा, कोमेश्वरी पुरी, सावित्री, अन्नपूर्णा मेश्राम, गायत्री ढीमर, भारती, उर्वशी, पूर्णिमा, नूतन, धरम साहू समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## आज नगरी में निःशुल्क दंत प्रत्यारोपण शिविर

- पूर्व में 32 मरीजों का दन्त प्रत्यारोपण के लिए हुआ था चिन्हांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी और शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वाले क्षेत्र में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन पूर्व में किया गया था। इसमें पांच मरीजों का पूर्ण दन्त प्रत्यारोपण एवं 27 मरीजों का आंशिक दन्त प्रत्यारोपण करने के लिए चिन्हांकित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यूएल कौशिक ने बताया कि सिविल अस्पताल नगरी में 15 अक्टूबर को निःशुल्क दन्त प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएग। शिविर का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजाति वाले क्षेत्र में दांतों के प्रत्यारोपण के संबंध में जागरूकता फैलाना और लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली दन्त सेवाएं प्रदान करनी है।

शिविर में शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर की दन्त मोबाइल यूनिट द्वारा सुविधा प्रदान की जायेगी। अनुभवी डेंटल सर्जन और विशेषज्ञ की उपस्थिति में इम्प्लांट प्रक्रिया, उनकी फायदों और देखभाल के बारे में जानकारी दी जाएगी। शिविर में दंत महाविद्यालय रायपुर के डॉ. महेन्द्र अनंत, डॉ. सोपान सिंह, डॉ. शुभम सेठी, डॉ. शशांक अग्रवाल द्वारा मरीजों की मुख संबंधी जांच कर उन्हें परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। जरूरतमंद मरीजों को ओरल कैंसर स्क्रीनिंग, डेंचर सुविधा, स्केलिंग सुविधा, डेंटल फ्लोरोसिस की सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी।

---

## पंडाल सजावट में दुर्गोत्सव समिति शिव चौक झांकी में नवमित्र मंडल दुर्गोत्सव समिति अव्वल

- सिटी कोतवाली प्रांगण में अतिथियों ने समितियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा आयोजित विसर्जन झांकी व पंडाल सजावट प्रतियोगिता के पुरस्कार की घोषणा व वितरण कार्यक्रम सिटी कोतवाली प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन , वरिष्ठ पत्रकार दीपक लखोटिया व विशिष्ट अतिथि दीपक जैन एवं निर्णायक समिति के सदस्य थे। अध्यक्षता आलोक जाधव ने की।

इस दौरान झांकी विसर्जन में शामिल हुई 10 समिति एवं पंडाल सजावट में भाग लेने वाली 24 समिति के सदस्य उपस्थित थे। दीपक लखोटिया एवं विजय देवांगन ने समितियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में स्थल सजावट व झांकी प्रदर्शन में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार रखे गए थे। पंडाल सजावट में क्रमशः दुर्गोत्सव समिति शिव चौक, आदर्श दुर्गोत्सव समिति टिकरापारा, गणेश दुर्गोत्सव समिति बासपारा (धमतरी की रानी) एवं झांकी प्रदर्शन में क्रमशः नवमित्र मंडल दुर्गोत्सवसमिति विवेकानंद नगर (धमतरी की महारानी), सार्वजनिक दुर्गात्सव समिति मराठापारा, मां बम्लेश्वरी दुर्गोत्सव समिति ब्राम्हणपारा की दुर्गोत्सव समितियों ने बाजी मारी। इस दौरान गौसेवक नीरज पांडे एवं मूर्तिकारों को प्रतीक चिन्ह व श्रीफल देकर सम्मानित किया।

**हिंदुत्व एकीकरण के भाव से कार्यक्रम आयोजित था : दीपक**

इस अवसर पर दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि सभी समितियों की झांकी उत्कृष्ट थी। पण्डाल सजावट भी एक से बढ़कर एक थी। निर्णायक समिति द्वारा बहुत मेहनत की गई। एक एक बिंदु पर विचार किया गया। अथक मेहनत के बाद परिणामों की घोषणा हो पाई। आगे कहा कि समाज में बंटी जाति प्रथा को छोड़कर उत्कृष्ट हिन्दू समाज के उद्भव हेतु यह जनजागरण कार्यक्रम है। समूचा क्षेत्र माता की भक्ति में लीन था। हिंदुत्व एकीकरण के भाव से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के समस्त कार्यक्रम छग प्रान्त के प्रचारक नन्ददास दंडोतिया एवं उनकी सहभागी टीम के मार्गदर्शन में ही सम्भव हो पाता है।

उनका आशीर्वाद संगठन के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करता है। मौके पर हेमराज सोनी, संदीप अग्रवाल, डाकेश्वर साहू, नगर अध्यक्ष कैलाश बख्तानी, संयोजक चित्रेश साहू, कार्याध्यक्ष पीयूष पारख, अमित सोना, सत्यम सिन्हा, गौरव जैन, एकनाथ साहू, हिमांशु, दुर्गेश साहू, विजयंत, गौरव गोयल, निकेतन, आदित्य, अनिमेष, पुलकित का प्रमुख सहयोग रहा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आवेदन 28 तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 धौराभांठा (कुण्डेल) में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 28 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि 18 से 44 साल तक की आयु की उसी ग्राम की निवासी नियत तिथि तक परियोजना कार्यालय मगरलोड में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन भेज सकती हैं।

### श्रद्धांजलि योजना की राशि दी



**धमतरी।** ग्राम विकास समिति बारना द्वारा किसी भी परिवार के सदस्य मृत होने पर उस परिवार को श्रद्धांजलि योजना के तहत 3000 रूपये दिया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में गणेशू पटेल 52 वर्ष के आकस्मिक निधन पर पत्नी उत्तरा पटेल को श्रद्धांजलि योजना की राशि दी गई। मौके पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रूपचंद साहू, उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष संतोष यादव, अंकेक्षक चिंताराम साहू, सलाहकार माखनलाल साहू, गौरीशंकर पटेल, सुभाष साहू उपस्थित थे।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)




डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

---

सेमरा में कबड्डी एवं राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का समापन

# कबड्डी में खरखाभर्री व सामूहिक डांस में पुरी ने मारी बाजी

- विधायक अंबिका मरकाम ने रंगमंच टिन शेड निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम पंचायत सेमरा में नवदुर्गा एवं विजयदशमी महोत्सव समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व पर नौ दिनों तक मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। लोगों के मनोरंजन के लिए डे-नाइट कबड्डी एवं छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक थीं। अध्यक्षता श्रवण ध्रुव सरपंच सेमरा ने की। विशिष्ट अतिथि भूषण साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी, भानेंद्रसिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी, विनय देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज धमतरी, नथलूराम साहू पूर्व अध्यक्ष नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव समिति सेमरा, प्रमोद कुंजाम राजपुर, कुशलराम साहू पूर्व उपसरपंच सेमरा, घनश्याम साहू उपसरपंच सेमरा, अशोक देवांगन, कन्हैया डोटे, कंवरलाल देवांगन, चिंताराम साहू अध्यक्ष नवदुर्गा एवं विजयदशमी महोत्सव समिति सेमरा, उपाध्यक्ष टुकेश्वर साहू, हृदयलाल देवांगन, सचिव जितेंद्र ध्रुव, सहसचिव बलीराम साहू, कोषाध्यक्ष नंदकुमार देवांगन, सांस्कृतिक अध्यक्ष रामूलाल साहू, उपाध्यक्ष बालमुकुंद डोटे, क्रीड़ा अध्यक्ष मुकेश साहू, उपाध्यक्ष अमृतलाल साहू, कमल नारायण सेन, संदेशवाहक गोपेश्वर साहू थे।

समिति के उपाध्यक्ष टुकेश्वर साहू ने विधायक से रंगमंच टिन शेड निर्माण हेतु 15 लाख की मांग की। विधायक ने 10 लाख देने की घोषणा की। मंच संचालन संजय कुमार साहू, नूतन लाल डोटे, डॉ.सी.एल.साहू ने किया। डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खरखाभर्री गट्टासिल्ली को 15001 रुपये, द्वितीय तर्रा राजिम 11001 रुपये, तृतीय सेमरा 7001 रुपये, चतुर्थ छिन्दीटोला को 3501 रुपये दिया गया। राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता में सामूहिक में प्रथम अनमोल डांस ग्रुप पुरी जिला धमतरी, द्वितीय जयगढ़िया बाबा डांस ग्रुप बोथापारा, तृतीय विशेष डांस ग्रुप उमरगांव, युगल में प्रथम मानपुर मोहला रिमिक्स डांस, द्वितीय मैंकल जैक्शन उड़ीसा, तृतीय स्वर गंगा मुकुंदपुर रहे। एकल में प्रथम स्थान निकिता यादव बेलरगांव, द्वितीय जाह्नवी साहू, तृतीय स्थान कुणाल मंडावी नरहरपुर जिला कांकेर विजयी हासिल की। सभी विजयी प्रतिभागियों को विधायक अंबिका मरकाम एवं अन्य अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411